विश्वेश्वर टुडु
BISHWESWAR TUDU
ବିଶ୍ୱେଶ୍ୱର ଟୁଡୁ

जल शक्ति एवं
जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली-110001
MINISTER OF STATE FOR
JAL SHAKTI & TRIBAL AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI - 110001

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संदेश

प्रिय साथियो !

हमारा देश एक बहु-भाषी देश है जहां अनेक संस्कृतियां विद्यमान हैं । हिन्दी हमारे देश की सबसे बड़ी सम्पर्क भाषा है । यह भाषा एक सेतु के रूप में काम कर रही है जो भारत की विभिन्न संस्कृतियों, परम्पराओं और सम्प्रदायों को आपस में जोड़ती है । भारत के संविधान में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है । सरकारी कामकाज हिन्दी में किए जाने से सरकार और जनता के बीच परस्पर विश्वास बढ़ता है । इसलिए हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम अपना अधिकाधिक कार्य हिन्दी में करें ।

राजभाषा हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए सरकार ने अनेक सुविधाएं एवं संसाधन उपलब्ध कराए हैं । आज कम्प्यूटरों पर हिन्दी में काम करने में कोई कठिनाई नहीं होती है । अलग से किसी हिन्दी सॉफ्टवेयर के बिना भी आज कम्प्यूटर पर यूनिकोड समर्थित फॉन्ट्स के साथ आसानी से हिन्दी में कार्य किया जा सकता है । परन्तु हमारे लिए यह जरूरी है कि हम कम्प्यूटर पर उपलब्ध इन आधुनिक सुविधाओं के उपयोग से हिन्दी को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें और राजभाषा द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की एक ईमानदार कोशिश करें।

यह अत्यन्त हर्ष की बात है कि जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा दिनांक 14 सितम्बर, 2023 से 28 सितम्बर, 2023 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है ।

मुझे उम्मीद है कि विभाग के अधिक से अधिक अधिकारी और कर्मचारी इस 'हिन्दी पखवाड़ा' समारोह के अन्तर्गत आयोजित होनेवाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे ।

'हिन्दी पखवाड़े' के इस शुभ अवसर पर मैं आप सभी को बधाई देता हूं और इसकी सफलता की कामना करता हूं ।

(विश्वेश्वर टुडु) 13/9/2023

215, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली -110 001, 215, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110 001
दूरभाष : (011) 23708419, 23718759, फैक्स : 011-23354496, Tel. : (011) 23708419, 23718759, Fax : 011-23354496
415, 'बी' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली -110 001, 415,'B' Wing, Shastri Bhawan, New Delhi-110 001
दूरभाष : (011) 23070580, 23070669, Tel. : (011) 23070580, 23070669, E-mail : mos-mowr@nic.in, mos-tribalaffairs@gov.in